Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to bring water from Narmada river to Khudia reservior through Amar Kantak hill in district Bilaspur, Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदया, मैं छत्तीसगढ़ राज्य की सिंचाई योजना के ऊपर ध्यान दिलाना चाहता हूं। बिलासपुर जिले का खूढ़िया जलाशय, जो किसानों के हित में एक लाख एकड़ पानी की सिंचाई एक बार करता हैं, उसकी सिंचाई क्षमता कम हो गई है और बांध की स्थिति खराब हो गई है। अमरकंटक में नर्मदा नदी बहती है। नर्मदा नदी के पानी को खूढ़िया जलाशय में, वहां जो मनियारी नदी के नाम से बांध बना है, उसमें डाइवर्ट कर दिया जाए। इससे लोगों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उस जगह पहाड़ भी पड़ता है और वह पहाड़ 15 किलोमीटर है। उस पहाड़ को तोड़ कर केनाल बना दी जाए तो नर्मदा नदी का पानी खुढिया बांध में जाएगा और बारह मास पानी खुढिया क्षेत्र के तख्तपुर विधान सभा क्षेत्र, लोमी विधान सभा क्षेत्र और मूंगेरी तहसील को मिलेगा जिससे लाखों एकड़ सिंचाई क्षमता बढ़ जाएगी और हजारों एकड़ में प्रति र्वा जो सिंचाई होती है, वह कम से कम 5 लाख हैक्टेयर में होगी। मेरा शासन से अनुरोध है कि अमरकंटक के नर्मदा नदी में जो पहाड़ पड़ते हैं, उसे तोड़ कर खुढ़िया जलाशय में मिला दिया जाए और वहां केनाल बना दी जाए। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा बारह मास प्राप्त होगी।